## *प्रेस नोट इटावा पुलिस दिनांक- 21.08.2026*

### *#OPERATION CONVICTION*

***इटावा पुलिस/अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते आज दिनांक 21.08.2026 को अभियोग में सजा करायी गयी है।***

## 1. थाना - जसवंतनगर

**इटावा पुलिस/अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते मा0 न्यायालय इटावा द्वारा अभियुक्तगणों को 10-10 वर्ष का कारावास व 23,000-23,000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**

**जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कराये जाने तथा मा0 न्यायालय से दण्डित कराये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना जसवंतनगर पैरोकार, व मानीटरिंग सैल द्वारा प्रभावी पैरवी के चलते मा0 न्याया इटावा द्वारा अभियुक्तगणों को 10-10 वर्ष का कारावास व 23,000-23,000/-रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**

**संक्षिप्त विवरणः-**

थाना जसवंतनगर क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्तगणों द्वारा वादी के चचेरे भाई को लाठी डंडो, ईंट पत्थर व कुल्हाडी ले कर घर में घुस कर मार पीट कर गम्भीर रुप से घायल कर देना जिससे इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना जसवंतनगर पर **मु0अ0सं0 159/2020 धारा 147/452/323/504/506/304 भादवि में पंजीकृत किया गया।**

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में **विवेचना अधिकारी उ0नि0 श्री संजीव कुमार माथुर** के द्वारा साक्ष्य संकलन किया गया, साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रकरण मे सतत निगरानी बनाये रखते हुये दिये गये निर्देशानुसार अभियोग के गवाहों को थाना जसवंतनगर पुलिस टीम, पैरोकार का0 पिन्टू कुमार व मानीटरिंग सेल टीम व एडीजीसी श्री तरुण कुमार शुक्ल द्वारा नियत तिथियों पर साक्ष्य प्रस्तुत करते हुये व अन्य साक्ष्यों को मा0 न्यायालय इटावा के समक्ष पेश करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी। **जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 21.08.2026 को अन्तर्गत धारा 147/452/323/504/506/304 भादवि में मा0 न्याया0एडीजे/एफटीसी-2 इटावा द्वारा अभियुक्तगणों को 10-10 वर्ष का कारावास व 23,000-23,000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**

**सजायाफ्ता अपराधी-**

1. **विशम्भर पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**
2. **बलवीर पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**
3. **बृजेश कुमार पुत्र विशम्भर सिंह निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**
4. **सुभाष राज पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**
5. **लड्डू उर्फ अजय पुत्र शंकर सिंह निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**
6. **नारायण पुत्र अभिलाख निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**
7. **धनीराम पुत्र अभिलाख निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**
8. **हरिओम पुत्र अभिलाख निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**
9. **खूटी उर्फ उमेश पुत्र सुघर सिंह निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**
10. **भोपा पुत्र सुघर सिंह निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**
11. **राहुल पुत्र विशम्भर निवासी ग्राम भगवानपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**